सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, बिहार

प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-228
18/05/2017

मुख्यमंत्री ने केन्द्रीय पर्यावरण, वन तथा जलवायु परिवर्तन राज्य मंत्री(स्वतंत्र प्रभार) अनिल माधव दवे के आकस्मिक निधन पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की

पटना, 18 मई 2017 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने केन्द्रीय पर्यावरण, वन तथा जलवायु परिवर्तन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) अनिल माधव दवे के आकस्मिक निधन पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की।

मुख्यमंत्री ने अपने शोक संदेश में कहा कि वे एक प्रख्यात राजनेता, राज्यसभा सांसद एवं समाजसेवी थे। उनके निधन से न केवल सामाजिक बल्कि राजनीति के क्षेत्र में अपूरणीय क्षति हुयी है।

मुख्यमंत्री ने दिवंगत आत्मा की चिर शान्ति तथा उनके परिजनों, अनुयायियों एवं प्रशंसकों को दुःख की इस घड़ी में धैर्य धारण करने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की है।

******